देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 202 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...महिलाएं काफी तेजी से आगे बढ़ीं



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 14 नवंबर 2021



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 14.0°

40243.39

2 तालिबान ने इमरान को दिया झटका

7 रोहित शर्मा को कप्तान बनाना अच्छा फैसला

# मणिपुर में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला

## पांच जवान शहीद, सीओ की पत्नी और बेटे की भी मौत, पीएम मोदी ने जताया शोक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इंफाल। मणिपुर में शनिवार को घात लगाकर किए गए एक हमले में असम राइफल्स की 46वीं बटालियन के कमांडिंग आफिसर (सीओ), उनके परिवार के दो सदस्यों और अर्धसैनिक बल के चार जवानों की मौत हो गई। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि मणिपुर के चुराचांदपुर में असम राइफल्स के काफिले पर किया गया यह हमला कायराना और निंदनीय है। इस हमले में शामिल दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा। इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इन गुनहगारों को जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा– मणिपुर के चुराचांदपुर में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्र इन वीर सपूतों का सदैव ऋणी रहेगा। ईश्वर शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगाः सीएम

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा– मैं 46 असम राइफल्स के काफिले पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं। राज्य के बल और अर्धसैनिक बल पहले से ही उग्रवादियों को पकड़ने के लिए काम कर रहे हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।



### हमले की कड़ी निंदा करता हूंः पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा– मैं मणिपुर में असम राइफल्स के काफिले पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं उन वीर जवानों और उनके परिवार के सदस्यों को श्रद्धांजलि देता हूं जो आज शहीद हुए हैं। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना म्यांमार की सीमा से लगे चुराचांदपुर जिले में हुई। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर IED से हमला किया। रिपोर्टों के मुताबिक हमले में 46 असम राइफल्स के कमांडिंग अधिकारी कर्नल विप्लव त्रिपाठी की पत्नी और बेटे की भी मौत हो गई। कर्नल त्रिपाठी छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के रहने वाले थे।

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने पहले 46 असम राइफल्स के कमांडिंग आफिसर कर्नल विप्लव त्रिपाठी के काफिले पर घात लगाकर हमला करने के लिए आईडी ब्लास्ट किया और फिर मणिपुर के चुराचांदपुर में बल के वाहनों पर फायरिंग की। कमांडिंग आफिसर अपने फारवर्ड कंपनी बेस से अपने बटालियन मुख्यालय लौट रहे थे।

सूत्रों के मुताबिक अभी तक किसी भी उग्रवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। वहीं मिल रही जानकारी के अनुसार, कुकी संगठन से जुड़े आतंकियों ने घात लगाकर हमले को अंजाम दिया। हमले में कुकी का नाम सामने आते ही यह उग्रवादी संगठन एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल, भारत व म्यांमार सीमा पर मिजो (पहले लुशाई) पहाड़ियों में रहने वाली आबादी है।

### अलग राज्य की मांग के लिए बना संगठन

कुकी राष्ट्रीय सेना का गठन 1958 में किया गया। अन्य जातीय विद्रोहों की तरह कुकी उग्रवाद खंडित था। हर समूह एक अलग उद्देश्य से लड़ रहा था। 1974 में नागा बहुल सेनापति जिले में संगठन बना और अलग राज्य की मांग शुरू हुई। इसके बाद कुकी नेशनल फ्रंट का गठन 18 मई 1988 को हुआ था। रैनको थांगबोई कुकी के नेतृत्व में यह संगठन खड़ा हुआ। कुकी आबादी वाले क्षेत्रों के लिए अलग राज्य की मांग इस संगठन की ओर से की जा रही है। कुकीलैंड की स्थापना से बना फ्रंट कई बार विभाजित हुआ है। इस गुट ने अपना राष्ट्रपति तक नियुक्त कर रखा है। वर्ष 1997–98 में कुकी नेशनल लिबरेशन आर्मी, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी व अन्य गुट का गठन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### 274 दिनों में सबसे कम हुए सक्रिय मामले

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। कोरोना वायरस को दुनिया में आए दिसंबर में पूरे दो साल हो जाएंगे, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में यह पहले जैसा ही खतरनाक बना हुआ है। भारत ने कोरोना वायरस को काफी हद तक काबू पाया है और तीसरी लहर से अभी भी देश बचा हुआ है। देश में तेजी से वैक्सीनेशन का कार्य भी हो रहा है। लेकिन मौतों में आया उछाल एक चिंता का विषय है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिए बड़े संकेत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) आजमगढ़। केन्द्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आजमगढ़ जिले को लेकर सीएम योगी ने बड़ा बयान किया है। उन्होंने आजमगढ़ जिले का भी नाम बदलने का संकेत दिया। अमित शाह का स्वागत करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसकी आधारशिला रखी गई है सचमुच आजमगढ़ को आर्यमगढ़ में बदल देगा।

# दिल्ली में 7 दिनों के लिए स्कूल–सरकारी ऑफिस सब बंद

## बढ़ते प्रदूषण के बाद केजरीवाल सरकार का फैसला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को शहर में गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए आपात बैठक बुलाई। बैठक के बाद सीएम केजरीवाल ने एक हफ्ते के लिए स्कूल बंद करने का ऐलान किया है। साथ ही दिल्ली में निर्माण कार्य 14 से 17 तक पूरी तरह से बंद रहेंगे। इसके अलावा सरकारी दफ्तर भी एक हफ्ता बंद रहेंगे। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सीएम केजरीवाल ने कहा, प्राइवेट सेक्टर में एडवाइजरी जारी की जाएगी कि वहां भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को वर्क फ्रॉम होम दिया जाए।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि ये निर्णय प्रदूषण के हालात को लेकर आज बुलाई गई बैठक में लिया गया। स्कूलों में अवकाश घोषित करने को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि ये निर्णय बच्चों के हित में लिया गया। बच्चे प्रदूषित हवा में सांस ना लें, इसे देखते हुए स्कूलों में अवकाश का निर्णय लिया गया। उन्होंने ये भी साफ किया कि इस अवधि में ऑनलाइन क्लास का संचालन किया जा सकता है। बैठक में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और दिल्ली के मुख्य सचिव भी शामिल थे।

सुको ने दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी को आपातकालीन स्थिति करार दिया। साथ ही जोर देकर कहा कि महत्वपूर्ण उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

### प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की हालत बदतर होती जा रही है जिसके चलते लोग घरों में मास्क पहनने को मजबूर हो रहे हैं। इससे निपटने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं? इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि पराली जलाने के चलते दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा है। इसे रोकने के लिए राज्यों को कुछ कड़े कदम उठाने होंगे। किसानों पर जुर्माना लगाना होगा। इस पर सीजेआई ने कहा कि आप यह कहना चाहते हैं कि प्रदूषण के लिए किसान जिम्मेदार हैं, लेकिन इसे नियंत्रित के लिए कोई उपाय नहीं है। इसके लिए कोई योजना है?

# 12 खिलाड़ियों को मिला खेल रत्न अवार्ड

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। टोक्यो ओलिंपिक में देश के लिए एकमात्र गोल्ड मेडल जीतने वाले जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा (एथलेटिक्स) समेत 12 खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों को ये पुरस्कार देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रदान किया।

नीरज चोपड़ा के अलावा यह पुरस्कार रवि कुमार दहिया (कुश्ती), लवलीना बोरगोहेन (मुक्केबाजी), पीआर श्रीजेश (हॉकी), अवनि लेखारा (पैरा शूटिंग), सुमित अंतिल (पैरा एथलेटिक्स), प्रमोद भगत (पैरा बैडमिंटन), कृष्णा नागर (पैरा बैडमिंटन), मनीष नरवाल (पैरा शूटिंग), मिताली राज (क्रिकेट), सुनील छेत्री (फुटबॉल), मनप्रीत सिंह (हॉकी) को दिए गए।

खेल रत्न पुरस्कार पाने में भारतीय महिला वनडे व टेस्ट टीम की कप्तान मिताली राज भी रहीं तो वहीं टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पुरुष हाकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह भी इसमें शामिल रहे।

### सम्मान

▪खिलाड़ियों को पुरस्कार देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया प्रदान

भारतीय पुरुष हाकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह का नाम इस लिस्ट में बाद में जोड़ा गया था। टोक्यो ओलिंपिक में कुश्ती में सिल्वर मेडल जीतने वाले रवि दाहिया को भी खेल रत्न मिला। देश के सबसे सर्वश्रेष्ठ खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सबसे पहले नीरज चोपड़ा को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

नीरज चोपड़ा सात अगस्त को टोक्यों ओलिंपिक खेलों में 87.58 मीटर के जैवलिन थ्रो साथ ऐथलेटिक्स में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इस दौरान कई खिलाड़ियों वो कोच को अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी दिए गए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सालों बाद लगने वाला है सबसे लंबा चंद्रग्रहण

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। 580 सालों बाद सबसे लंबा आंशिक चंद्रग्रहण लगने वाला है। यह चंद्रग्रहण 19 नवंबर को लगेगा और यह पूर्वोत्तर भारत समेत देश के अन्य कुछ हिस्सों से दिखाई देगा। एमपी बिड़ला तारामंडल में अनुसंधान और अकादमिक निदेशक देबिप्रसाद दुआरी ने समाचार एजेंसी पीटीआइ को बताया कि दुर्लभ घटना अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ क्षेत्रों से दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि आंशिक चंद्रग्रहण दोपहर 12.48 बजे शुरू होगा और शाम 4.17 बजे समाप्त होगा। दुआरी ने कहा कि ग्रहण की अवधि 3 घंटे 28 मिनट और 24 सेकंड होगी, जो इसे 580 सालों बाद सबसे लंबा बना देगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार इतना लंबा आंशिक चंद्रग्रहण 18 फरवरी, 1440 को हुआ था और अगली बार इसी तरह की घटना 8 फरवरी, 2669 को देखी जा सकती है।

### चंद्रग्रहण की अवधि 3 घंटे 28 मिनट और 24 सेकंड होगी

19 नवंबर को लगने वाले चंद्रग्रहण की जानकारी देते हुए देबिप्रसाद दुआरी ने कहा कि अधिकतम आंशिक ग्रहण दोपहर 2.34 बजे दिखाई देगा।